हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 19 जून 2026

तापमान
अधिकतम 39 .0 डिग्री
न्यूनतम 29 .0 डिग्री

10 संगत ने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष माथा टेककर...



10 वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण...



## स्वास्थ्यकर्मियों ने संभाला मोर्चा, बनवाई व्यवस्था, दिनभर भटके चयनित अभ्यर्थी

# ग्रुप डी के चयनित अभ्यर्थियों के एक साथ मेडिकल के लिए आने से मची अफरा-तफरी

### नागरिक अस्पताल में मेडिकल को लेकर लगाई चिकित्सक और स्टाफ की स्पेशल ड्यूटी

**ईसीजी कक्ष के बाहर होती रही धक्का-मुक्की**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन द्वारा वर्ष 2023 ग्रुप डी भर्ती का रिजल्ट जारी किया गया है। इसके बाद वीरवार को मेडिकल को लेकर चयनित प्रार्थियों की भारी भीड़ नागरिक अस्पताल में उमड़ी। मेडिकल की जल्दबाजी को लेकर अभ्यर्थियों में अफरा-तफरी मची रही। हालांकि मेडिकल के लिए स्पेशल स्टाफ की डयूटियां लगाई गई थी। बावजूद इसके एकसाथ चयनित अभ्यार्थियों की भीड़ उमड़ने के चलते अस्पताल में पूरा दिन अफरा-तफरी भरा माहौल रहा।

लगभग 80 अभ्यर्थियों ने अपनी मेडिकल प्रक्रिया को पूरा करवाया। एक साथ पहुंचे चयनित अभ्यार्थी, मेडिकल के लिए भटकेः वीरवार को नागरिक अस्पताल खुलते ही भारी संख्या में ग्रुप डी के चयनित अभ्यर्थी सीएमओ कार्यालय के आगे जमा हो गए। जिसके चलते अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हर चयनित अभ्यर्थी जल्द से जल्द मेडिकल करवाना चाह रहा था। जिसके चलते क्लर्कों के कमरे के अंदर तक चयनित अभ्यार्थी पहुंच गए। इस दौरान कई अभ्यर्थियों के अभिभावकों ने स्टाफ के साथ बहस तक भी हुई। नागरिक अस्पताल के एक्स-रे व ईसीजी कक्ष के बाहर ग्रुप डी में चयनित अभ्यार्थी धक्का-मुक्की करते रहे। इसके बाद हड्डी रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, डिप्टी एमएस के कमरों के बाहर भी लंबी लाइनें रही। चयनित अभ्यर्थियों की धक्का-मुक्की को देखते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों ने स्वयं कमान संभाली और शांति से मेडिकल प्रक्रिया पूरा करवाने के दिशा-निर्देश दिए। लंबी मेडिकल प्रक्रिया के चलते आ रही है परेशानी, धैर्य से लें कामः नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि मेडिकल प्रक्रिया लंबी है। सबसे पहले ओपीडी के स्लिप कटवानी होती है। इसके बाद फिजिशियन द्वारा रक्त जांच, यूरिन टेस्ट लिखता है। इसके बाद लैब में चयनित अभ्यर्थी को सैंपल देने होते हैं। सैंपल देने के बाद ईएनटी, नेत्र चिकित्सक, सर्जन से मेडिकल जांच करवाता है। सैंपल रिपोर्ट के बाद फिर फिजिशियन रिपोर्ट देता है। सभी चिकित्सकों के हस्ताक्षर के बाद डिप्टी एमएस व फिर सीएमओ द्वारा हस्ताक्षर किए जाते हैं। रिकार्ड दर्ज करने के बाद मेडिकल की प्रति आवेदक को दे दी जाती है। अस्पताल में कार्यरत सभी विशेषज्ञों, एक्स-रे विभाग, ईसीजी विभाग, लैब कर्मियों को रविवार को भी उपस्थित रहने के आदेश दिए गए हैं।



जींद। मेडिकल प्रक्रिया पूरी होने पर साइन करते डिप्टी एमएस डॉ. राजेश भोला। फोटो :हरिभूमि

**आमजन परेशान**

बुधवार को छुट्टी थी। ऐसे में वीरवार को मरीजों व तिमारदारों की भारी भीड़ उमड़ी। वहीं ग्रुप डी में चयनित अभ्यार्थी भी एक-एक कर मेडिकल करवाने के लिए कभी लैब, कभी ईसीजी तो कभी एक्स-रे के कमरों के बाहर खड़े हुए। वहीं चिकित्सकों के कमरों के बाहर भी लाइन लगाए हुए देखे गए। जिसके चलते उपचार के लिए आए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। चिकित्सकों के कमरों के बाहर तथा भीतर कभी युवा तो कभी उपचार के लिए लोग आपस में उलझते रहे। व्यवस्था को बनाए रखने में चिकित्सा अधिकारियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

**आज और कल भी होंगे मेडिकल**

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि चयनित अभ्यार्थियों के मेडिकल को लेकर कोई परेशानी नही आने दी जाएगी। इसलिए प्रार्थी धैय बनाए रखें। मेडिकल के लिए स्पेशल चिकित्सकों की डयूटी लगी हुई जो चयनित प्रार्थियों की फिटनेस जांच कर रहे हैं। मेडिकल प्रकिया लंबी है, इसलिए चयनित अभ्यार्थी धैर्य बनाए रखें। प्रत्येक चयनित अभ्यार्थी का मेडिकल किया जाएगा।

## दवा सप्लाई करने के नाम पर 82 हजार ठगे

▪ पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की

**कैथल।** शहर की अजय मार्केट में दवाओं की सप्लाई के नाम पर एक कारोबारी से 82 हजार की साइबर ठगी कर ली। आरोपियों ने खुद को हिमाचल प्रदेश की फार्मा कंपनी का संचालक बताकर करीब पांच लाख की दवाइयों का ऑर्डर लिया और फर्जी लाइसेंस व बिल भेजकर विश्वास में ले लिया। इसके बाद एडवांस राशि जमा करवाकर और पैसे मांगने लगे। शक होने पर पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। साइबर थाना पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में करनाल रोड स्थित सतगुरु मार्केट निवासी हंसराज वर्मा ने बताया कि वह अपने भतीजे कृष्ण वर्मा की केबी इंटरप्राइजेज नाम से दवा थोक फर्म में लीगल कंसल्टेंट हैं। 27 दिसंबर 2025 को उनके मोबाइल पर महिला का फोन आया, जिसने अपना नाम सेजल वर्मा उर्फ तनीषा बताया और कहा कि उनकी कंपनी हिमाचल प्रदेश के बद्दी में दवाइयां बनाती है। इसके बाद उसकी बात कथित कंपनी मालिक अजय से करवाई गई। आरोप है कि कंपनी ने दवा की सूची और रेट भेजकर फर्म के दस्तावेज मांगे और करीब 5 लाख की दवाइयों का ऑर्डर ले लिया। 8 जनवरी को पीड़ित ने 21 हजार और 5 मार्च को 61 हजार इंडियन ओवरसीज बैंक के खाते में जमा करवा दिए। आरोपियों ने लाइसेंस, जीएसटी नंबर और दवाइयों के बिल भी भेजे। जब दवा की सप्लाई मांगी तो आरोपी टालमटोल करते रहे और बाद में और पैसों की मांग करने लगे। इसके बाद पीड़ित को अपने साथ साइबर फ्रॉड होने का संदेह हुआ।

## खबर संक्षेप

### कहासुनी के चलते किया हवाई फायर, जांच जारी

**जींद।** गांव फतेहगढ़ में वीरवार को कहासुनी के चलते एक युवक ने अपने पास मौजूद असलहा से फायर कर दिया। गनीमत यह रही कि गोली किसी को नही लगी। जुलाना थाना पुलिस शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर रही है। गांव फतेहगढ़ निवासी विनोद तथा गांव के निशांत परिवारों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। मामला गाली गलौज तक जा पहुंचा। उसी समय विनोद ने लाइसेंसी रिवाल्वर को निकाल कर हवाई फायर कर दिया।

### मकान का ताला तोड़कर जेवरात व एक लाख चोरी

**जींद।** इम्पलॉयज कालोनी में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर जेवरात व एक लाख रुपये की नकदी को चोरी कर लिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इम्पलॉयज कालोनी निवासी नरेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस वह अपनी पत्नी को उसके मायके छोडन्ने गया हुआ था। रात को वह ससुराल में ही रह गया। सुबह पड़ोसियों से सूचना मिली कि उसके मकान का ताला टूटा हुआ है। जब उसने घर पहुंच कर देखा तो घर से सोने, चांदी के जेवरात, एक लाख की नकदी गायब थी।

### जानलेवा हमला करने के तीन आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** उचाना थाना पुलिस ने मारपीट एवं जानलेवा हमला करने के मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। उचाना थाना प्रभारी पीएसआई चंद्रपाल ने बताया कि गांव खटकड़ निवीस शुभम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह अपने जानकार विकास तथा विक्रम के साथ खेतों मेंगया हुआ था। बातचीत के दौरान आपसी कहासुनी होने पर उन्होंने उसके साथ धक्का-मुक्की की तथा मारपीट की।

### योग दिवस की तैयारियां तेज, 19 जून को रिहर्सल

**उचाना।** 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर 19 जून को फायर ब्रिगेड के पास स्थित मंडी परिसर में रिहर्सल आयोजित की जाएगी। रिहर्सल में मुख्य अतिथि के रूप में मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा पहुंचेंगे। अध्यक्षता एसडीएम रमित यादव करेंगे।आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर डॉ. चेतना शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि रिहर्सल में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भाग लेंगे।

### ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत

**कैथल।** शहर की भगत सिंह कॉलोनी में रेलवे लाइन पार करते समय एक 50 साल की बुजुर्ग महिला जींद-कुरुक्षेत्र पेसेंजर ट्रेन की चपेट में आ गई। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेन की चपेट में आने के कारण महिला का चेहरा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी। सूचना मिलने पर जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन मृतका की शिनाख्त नहीं हो पाई थी।

### कार की चपेट में आने से स्कूटी चालक घायल

**कैथल।** शहर के अंबाला रोड स्थित एक मेडिकल स्टोर के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से स्कूटी सवार व्यक्ति घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में चिरंजीव कॉलोनी के 43 साल के अजय मेहता ने बताया कि वह केयर हेल्थ एजेंट के तौर पर काम करते हैं। 16 जून को वह अपने किसी काम से बाजार गए थे।

## शराब ठेके के बाहर फायरिंग से हड़कंप

▪ वारदात को अंजाम देकर आरोपित फरार, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

गांव शामलो कलां में बीती रात शराब ठेके से सामने गाड़ी सवार युवका द्वारा की गई फायरिंग से हड़कंप मच गया। जुलाना थाना पुलिस ने शराब ठेकेदार की शिकायत पर एक युवक को नामजद कर पांच-छह अन्य के खिलाफ शस्त्र अधिनियम दहशत फैलाने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निर्जन निवासी विकास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका गांव शामलो कलां में शराब का ठेका है। बीती देर शाम सेल्जमैन ने बताया कि गाड़ी में सवार युवकों ने शराब ठेके के बाहर हवाई फायर किए हैं। सूचना पाकर जब वह शराब ठेके पर पहुंचा तो फायरिंगकरने वाले युवक वहां से जा चुके थे। जब उसने शराब ठेके मे लगे सीसी टीवी कैमरों की फूटेज को देखा तो गांव शामलो खुर्द निवासी हैप्पी तथा पांच छह अन्य युवक दिखाई दिए। जिसमें हैप्पी व एक अन्य फायर कर रहे हैं। जबकि अन्य के हाथों में भी हथियार दिखाई दे रहे हैं। घटना की सूचना पाकर जुलाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। जुलाना थाना पुलिस ने शराब ठेकेदार विकास की शिकायत पर हैप्पी को नामजद कर पांच-छह अन्य के खिलाफ शस्त्र अधिनियम, दहशत फैलाने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जुलाना थाना के जांच अधिकारी मुरारी लाल ने बताया कि शराब ठेकेदार ने आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी।




## कछुआ चाल से चल रहा सड़क निर्माण बना परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजौंद

शहर के असंध-कैथल मार्ग पर चल रहा सड़क निर्माण कार्य बंद होने से स्थानीय लोगों, दुकानदारों और वाहन चालकों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गया है। लंबे समय से अधूरा पड़ा यह कार्य अब क्षेत्रवासियों के लिए मुसीबत बन चुका है। डेढ़ किलोमीटर लंबे इस सड़क खंड का निर्माण कार्य काफी समय पहले शुरू किया था, लेकिन अब तक पूरा नहीं किया जा सका है। सड़क पर जगह-जगह उखड़ी सतह से आवागमन बेहद कठिन हो गया है। राहगीरों को जहां पैदल चलने में दिक्कत हो रही है, वहीं वाहन चालकों को भी जाम और दुर्घटना का खतरा बना रहता है। दुकानदारों ने अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि निर्माण कार्य के चलते उड़ने वाली धूल ने उनका जीना मुहाल कर दिया है। धूल के कारण ग्राहकों का दुकानों पर रुकना मुश्किल हो गया है, जिससे उनके व्यापार पर सीधा असर पड़ा है। इसके अलावा, सड़क पर अव्यवस्थित तरीके से खड़े वाहनों के कारण दुकानों के सामने रास्ता बाधित रहता है, जिससे ग्राहक दुकान तक पहुंच ही नहीं पाते। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि उन्होंने कई बार प्रशासन और संबंधित विभाग को इस समस्या के बारे में अवगत कराया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य में लापरवाही बरती जा रही है और ठेकेदार द्वारा कार्य को समय पर पूरा करने में कोई गंभीरता नहीं दिखाई जा रही। आसपास के ग्रामीणों और व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराया जाए और निर्माण कार्य के दौरान उचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए।



असंध-कैथल मार्ग पर चल रहे निर्माण कार्य के कारण खराब सड़क का दृश्य।

## ट्रांसफार्मर पर करंट से मौत लाइनमैन समेत 2 पर केस

▪ लाइनमैन ने दिहाड़ी पर रखे थे दो युवक, बिजली ठीक करते गई जान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

धमतान साहिब में करंट लगने से हुई युवक की मौत के मामले में गढ़ी थाना पुलिस ने बिजली निगम के लाइनमैन समेत दो लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है।

गांव धमतान साहिब निवासी ज्ञानीराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बिजली लाइनमैन नरेश चोपड़ा ने उसके बेटे मनजीत तथा गांव कही निवासी सुनील को काम पर रखा हुआ था। आरोपित उसके बेटे को कभी नगद तथा कभी गूगल पे से भुगतान करता था। गत 20 मई को लाइनमैन नरेश ने उसके बेटे मनजीत तथा सुनील के पास फोन कर खराब बिजली को ठीक करने के बारे में कहा। दोनों ट्रांसफार्मर पर पहुंचे तो सुनील ने कहा कि पीछे से बिजली बंद करवा दी है। ऊपर चढ़कर ठीक कर लो। जब मनजीत काम कर रहा था तो सुनील वहां से चला गया। कुछ देर के बाद बिजली आ गई और मनजीत बुरी तरह झुलस गया। जिसे उपचार के लिए हिसार के निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान 22 मई को उसके बेटे मनजीत की मौत हो गई।

## अवैध कॉलोनी पर चला पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

जिला प्रशासन एवं जिला नगर योजनाकार कार्यालय ने वीरवार को अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई करते स्थानीय अर्बन एरिया की राजस्व संपदा पट्टी कायस्थ सेठ में ड्रेन के निकट लगभग दो एकड़ भूमि पर विकसित हो रही अवैध कॉलोनी पर पीला पंजा चलाया। यह कालोनी बिना विभागीय अनुमति विकसित की जा रही थी। कार्रवाई के दौरान कॉलोनी में बनाई गई कच्ची सड़कों को जेसीबी मशीन की सहायता से ध्वस्त किया गया। मामले में संबंधित भू-मालिकों एवं प्रॉपर्टी डीलरों के विरुद्ध पुलिस में मुकदमा भी दर्ज कराया गया है।



**नोटिस की अवहेलना पर कार्रवाई**

जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) प्रवीण कुमार ने बताया कि विभाग को सूचना मिली थी कि संबंधित भूमि पर बिना लाइसेंस एवं विभागीय अनुमति के अवैध रूप से कॉलोनी विकसित की जा रही है। जांच के उपरांत भू-मालिकों एवं प्रॉपर्टी डीलरों को हरियाणा विकास एवं शहरी क्षेत्र विनियमन अधिनियम, 1975 की विभिन्न धाराओं के तहत नोटिस जारी कर निर्माण कार्य तत्काल बंद करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन नोटिस के बावजूद निर्माण गतिविधियां जारी रहीं और विभाग से किसी प्रकार की अनुमति भी प्राप्त नहीं की गई। उन्होंने बताया कि वीरवार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट संदीप सोलंकी की निगरानी में कार्रवाई को अंजाम दिया गया।



जींद। कार से उठता धुआं। फोटो :हरिभूमि

### अचानक गाड़ी में लगी आग, बाल-बाल बचा चालक

**जींद।** गांव बुढाखेड़ा के निकट वीरवार को सुबह शार्ट सर्किट से आग लगने से एक कार जलकर राख हो गई। जबकि चालक सुरक्षित निकलने में कामयाब हो गया। फायर बिग्रेड की गाड़ी ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया।

गांव रत्ता खेड़ा निवासी योगेश वीरवार को अपनी कार में सवार होकर जींद की तरफ आ रहा था। गांव बुढाखेड़ा बस अड्डे पर पहुंचने पर कार क्लच ने काम करना बंद कर दिया। जब योगश जांचने के लिए कार से नीचे उतरा तो अचानक इंजन में आग भड़क उठी। आसपास के लोगों की सहायता से आग पर काबू पाने की कोशिश भी की गई लेकिन आग पर काबू नही पाया जा सका। सूचना पाकर फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाया लेकिन तब तक कार जल चुकी थी। योगेश ने बताया कि गाड़ी डीजल की थी। क्लच में दिक्कत आने के चलते वह कार से नीचे ही उतरा था कि कार आग में तबदील हो गई। सब कुछ इतना जल्दी हुआ कि वह मुश्किल से संभला।

### 267 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी काबू, बाइक जब्त


**कैथल।** एंटी नारकोटिक सैल-टू ने थाना सदर क्षेत्र से एक आरोपी को 267 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) सहित गिरफ्तार किया है। बरामद हेरोइन की कीमत करीब 7 लाख आंकी है। डीएसपी क्राइम सुशील प्रकाश ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल-टू प्रभारी पीएसआई सनेश कुमार की टीम अपराध की रोकथाम हेतु गश्त पर संगतपुरा क्षेत्र में मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बरनाला पंजाब निवासी जगदीप उर्फ जग्गी हेरोइन (चिट्टा) का नशा करने व बेचने का कार्य करता है और जो अभी बाइक पर सवार होकर पंजाब से संगतपुरा इसी रास्ते होते कैथल की तरफ जाएगा। जिसे नाकाबंदी करके काबू किया जा सकता है। सूचना को पुख्ता मानते टीम ने तुरंत रेडिंग पार्टी गठित कर रजबाहा पुल संगतपुरा पर नाकाबंदी शुरू की गई।

## आए दिन हो रही दुर्घटनाओं के कारण लोगों को उठानी पड़ रही परेशानी

# सड़कों पर बेसहारा गोवंश का आतंक, फतेहपुर में बाइक सवार को मारी टक्कर, बाल-बाल बचा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पूंडरी

पूंडरी व फतेहपुर क्षेत्र में बेसहारा गोवंश की समस्या एक बार फिर बढ़ती नजर आ रही है। सड़कों और गलियों में घूम रहे गोवंश के कारण आए दिन हादसों का खतरा बना है। ऐसा ही मामला गांव फतेहपुर में व्यास की दुकान के पास खेड़े के नजदीक गली में सामने आया, जहां बाइक सवार सामान की बिक्री कर रहा था। इसी दौरान बेसहारा गोवंश के झुंड ने टक्कर मारकर उसे गिरा दिया। गनीमत रही कि गांव में वाहनों की आवाजाही कम होने के कारण बाइक सवार बच गया। ये घटना साथ दुकान में लगे कैमरे में कैद हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि बेसहारा गोवंश की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। खासकर सड़कों पर घूमने वाले गोवंश से लोगों में डर बना रहता है। वहीं पूंडरी शहर में नगर पालिका द्वारा शहर को गोवंश मुक्त करने का दावा किया जाता रहा है। बताया गया था कि सड़कों पर घूम रहे बेसहारा गोवंश को जय राम आदर्श गौशाला पूंडरी में छोड़ा गया है। गौशाला प्रबंधन कमेटी के सदस्य भी शहर को गोवंश मुक्त बनाने की बात कह चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद कई स्थानों पर बेसहारा गोवंश दिखाई दे रहा है।



**प्रशासन से समाधान की गुहार**

गांव फतेहपुर के सरपंच प्रतिनिधि सौरव वर्मा ने बताया कि गांव में काफी समय से बेसहारा गोवंश की संख्या बहुत कम थी। नगर पालिका द्वारा समय-समय पर गोवंश को पकड़वाया जाता है। लंबे समय बाद अब दोबारा कुछ गोवंश दिखाई दिया है, संभावना है कि आसपास के गांवों से कोई इन्हें यहां छोड़ गया हो। उन्होंने प्रशासन से समस्या का समाधान करवाने की मांग की।

## एन्यूमरेशन फॉर्म वितरण में लापरवाही 17 बीएलओ को एसडीएम का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उचाना

विधानसभा क्षेत्र उचाना कलां में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत एन्यूमरेशन फॉर्म वितरण कार्य में लापरवाही बरतने वाले 17 बीएलओ को निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम उचाना रमित यादव ने नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। विधानसभा क्षेत्र-37 उचाना कलां में कुल 2,21,711 मतदाता हैं, जिनमें 1,18,207 पुरुष और 1,03,504 महिला मतदाता शामिल हैं। क्षेत्र में 223 मतदान केंद्र बनाए गए हैं तथा प्रत्येक बूथ पर बीएलओ की नियुक्ति की गई है।

**एफआईआर का प्रावधान**

एसडीएम रमित यादव ने बताया कि 15 जून से शुरू एसआईआर प्रक्रिया के तहत सभी बीएलओ को घर-घर जाकर मतदाताओं को एन्यूमरेशन फॉर्म वितरित करने के निर्देश दिए हैं। हालांकि कई बीएलओ द्वारा अब तक बहुत कम फॉर्म वितरित किए हैं, जिससे प्रक्रिया की रफ्तार धीमी बनी हुई है। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि जो कर्मचारी जिम्मेदारी को गंभीरता से नहीं लेंगे, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का भी प्रावधान है। फॉर्म भरने के बाद मतदाताओं की जानकारी का सत्यापन किया जाएगा, ताकि मतदाता सूची से मृत, स्थानांतरित अथवा अपात्रों के नाम हटाए जा सकें और केवल पात्र मतदाताओं के नाम ही सूची में दर्ज रहें।

## खबर संक्षेप

### जेसीबी से दीवार गिरा टीन और पाइप जबरन उठाए

**जींद।** गोहाना रोड पर प्लाट की दीवार जेसीबी से तोड़ वहां से टीन की चादर तथा लोहे के पाइप उठाने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने पांच लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ चोरी, तोडफ़ोड़ करने समेत विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज किया है।
गांव सिंसर निवासी सुरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका गोहाना रोड पर 300 गज का प्लाट है। गत दिवस डिफेंस कालोनी निवासी सूरत सिह परिवार ने लोगों के साथ मिल कर जेसीबी से उसके प्लाट की दीवार गिरा दी।

### घर में घुस मारपीट करने व तोड़फोड़ करने पर केस

**जींद।** हरिनगर नरवाना में रंजिशन घर में घुस हमला कर व्यक्ति को घायल करने तथा तोडफ़ोड़ करने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हरिनगर निवासी कुलदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बाइक पर सवार होकर अपने घर पहुंचा था। उस दौरान गांव डाहौला निवासी राजपाल खड़ा हुआ था। कुछ समय के बाद एक गाड़ी उसके मकान के सामने रूकी। जिसमें से उतरे लोगों ने उसके घर मे घुस कर हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई। आरोपितों ने घर मे भी तोड़फोड़ की।

### जींद: रोजगार कार्यालय में लगाया रोजगार मेला

**जींद।** जिला रोजगार अधिकारी डा. अंजू नरवाल ने बताया कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में जिला रोजगार कार्यालय द्वारा बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में श्री श्याम फर्टिलाइजर, आइसीआइसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, मारुति सुजुकी एरीना आदि नियोजकों ने भाग लिया तथा रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इस मेले में श्री श्याम इंटरप्राइजेज कंपनी द्वारा 25 प्रार्थी, आईसीआईसीआई बैंक व एक्सिस बैंक के नियोजको द्वारा 34 प्राथियो तथा मारुति सुजुकी अरेना द्वारा 17 प्रार्थियों को रोजगार देने की पेशकश की गई।

### विश्व योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा

**अलेवा।** आयुष विभाग, खंड प्रशासन व खेल विभाग के द्वारा अलेवा के अनाज मंडी में 21 जून को 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। जिसमें 19 जून को पायलट रिहर्सल होगी। जानकारी देते हुए योग सहायिका नीलम ने बताया कि इस कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व आमजन के अलावा सभी स्कूलों के विद्यार्थी भाग लेगें। योग सहायक संदीप, कविता तथा नीलम के द्वारा योगाभ्यास करवाया जाएगा।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, मामला दर्ज

**जींद।** गांव धरौदी से रात को संदिग्ध हालात मे घर से युवती के गायब होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव धरौदी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात उसकी बेटी खाना खाकर अपने कमरे में सोई थी। जो सुबह कमरे से गायब मिली। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### बेटे को दवा दिलाने निकली महिला लापता, मामला दज

**जींद।** गांव कालवन से बेटे के साथ दवाई लेने निकली महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर गढ़ी थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव कालवन निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया के गत दिवस उसकी 22 वर्षीय पत्नी दो वर्षीय बेटी को दवाई दिलाने के लिए घर से निकली थी। जिसके बाद वह घर वापस नही लौटी। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी तथा बेटी का कोई सुराग नही लगा। गढ़ी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### गुरु अर्जुन देव जी का शहीदी गुरपूर्व श्रद्धा के साथ मनाया

# संगत ने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष माथा टेककर गुरु की शहादत को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहीदों के सरताज बाणी के जहाज एवं शांति के पुंज पांचवीं पातशाही गुरु अर्जुन देव का शहीदी गुरुपर्व पर वीरवार को शहर के सभी गुरुद्वारों में श्रद्धा व उल्लास से मनाया गया। शहर के सभी गुरुद्वारों में सुखमनी सेवा सोसायटी के सहयोग से शहीदी गुरुपर्व के सम्मान में चल रही श्री सुखमनी साहिब के पाठ की लड़ी के तहत श्री सुखमनी साहिब की बाणी का पाठ किया गया। शब्द कीर्तन गायन किया गया साथ ही संगतों के लिए मीठे शरबत की छबील लगाई गई तथा लंगर का आयोजन किया गया। गुरुघर के प्रवक्ता बलविंदर सिंह ने बताया कि पांचवीं पातशाही गुरु अर्जुन देव शहीदी गुरुपर्व के उपलक्ष में स्थानीय ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब में गुरमत समागम का आयोजन किया गया। जिसमें गुरुद्वारा साहिब के रागी भाई जसबीर सिंह रमदसिया एवं पंजोखरा साहिब अंबाला से आए भाई हरविंदर सिंह के रागी जत्थे द्वारा गुरु अर्जुन देव द्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब में रचित बाणी के गुरबाणी शब्द कीर्तन का गायन किया। धर्म प्रचार कमेटी से आए भाई सुखविंदर सिंह के कविशरी जत्थे ने गुरु अर्जुन देव की शहादत को अपनी मार्मिक रचनाओं द्वारा माहौल को गमगीन बना दिया। गुरुद्वारा साहिब के हैड ग्रंथी गुरविंदर सिंह रत्तक ने गुरु साहिब की शहादत को नमन करते हुए कहा कि गुरु अर्जुन देव को शहीदी का सरताज इसलिए कहा जाता है कि सिख धर्म में किसी गुरु द्वारा धर्म व समाज की भलाई के लिए अपने आप को कुर्बान करने वाले गुरु अर्जुन देव पहले गुरु थे। हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कार्यकारिणी सदस्य सरदार करनैल सिंह ने गुरू अर्जुन देव को जुल्म का नाश करने तथा धर्म का प्रकाश करने वाले बताते हुए कहा कि उनके द्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब की पहली बीड़ अपने हाथों से तैयार करके दरबार साहिब अमृतसर में तय स्थान पर सुशोभित करके भाई बुड्डा जी को गुरु घर का पहला ग्रंथी थाप कर उनके द्वारा शुरू गुरु ग्रंथ साहिब का पहला प्रकाश पर्व आरंभ किया गया। गुरूघर प्रवक्ता बलविंदर सिंह ने बताया कि गुरु ग्रंथ साहिब में गुरू अर्जुन देव द्वारा रचित श्री सुखमनी साहिब की बाणी सहित 2200 के करीब गुरबाणी के शब्द दर्ज हैं। गुरु अर्जुन देव को कुर्बानी का प्रतीक इसलिए कहा जाता है क्योंकि उन्होंने सिख धर्म की रक्षा के लिए तत्ती (गरम) तवी पर बैठ कर खुद को कुर्बान कर दिया था। जबकि इससे पहले उन्हें गर्म पानी में उबाला गया तथा गर्म तवी पर बैठा कर ऊपर से गर्म रेत डाली गई थी। उधर, शहर के रेलवे जंक्शन स्थित सिंह सभा गुरुद्वारा में भाई जसवंत सिंह, गुरुद्वारा बंदा सिंह बहादुर पटियाला चौक में भाई गुरजीत सिंह द्वारा तथा गुरुद्वारा सिंह सभा भारत सिनेमा रोड में भाई रिषिपाल सिंह के रागी जत्थे द्वारा गुरबाणी कीर्तन गायन किया गया।



**जींद।** ज्ञानी हरविंदर सिंह का रागी जत्था गुरबाणी कीर्तन करते हुए।


**जींद।** गुरबाणी सुनते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि


**जींद।** लंगर छकते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा शहर में जगह-जगह रेलवे रोड, पटियाला चौक, पुराना बिजली घर, झांझ गेट, पंजाबी बाजार, मेन बाजार, सिटी थाना तथा अर्बन एस्टेट में मीठे शरबत की छबीलें लगाई गई। समागम में गुरुद्वारा मैनेजर गुरविंदर सिंह चौगामा, हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कार्यकारिणी सदस्य करनैल सिंह, नरेंद्र सिंह, आजाद सिंह निम्नाबाद, गुरविंदर सिंह रत्तक, रतन सिंह व परमजीत सेठी आदि उपस्थित रहे।


**जींद।** स्टांग रूम का निरीक्षण करते डीसी। फोटो :हरिभूमि

## वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डा. वैशाली शर्मा ने गुरुवार को लघु सचिवालय के स्थित ईवीएम, वीवीपैट एवं वेयर हाउस का औचक निरीक्षण किया। वेयरहाउस में रखी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, रखरखाव का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण करते अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनें लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा हैंए इसलिए इनके रखरखाव एवं सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में स्थापित सीसीटीवी कैमरों, सुरक्षा उपकरणों, प्रवेश एवं निकास रजिस्टर तथा अन्य अभिलेखों की भी जांच की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से मशीनों की स्थिति एवं सुरक्षा प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। निर्वाचन आयोग के सभी मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है ताकि भविष्य में होने वाले चुनावों के लिए मशीनें पूरी तरह सुरक्षित एवं व्यवस्थित रहे। इस अवसर पर चुनाव तहसीलदार प्रदीप सरोहा, डीसी के निजी सचिव प्रवीण परूथी, सहायक कपिल देव, राजनीतिक पार्टियों से भाजपा की ओर से जयदेव, इंडियन नेशनल लोकदल की ओर से सुनील कुमार, कांग्रेस की ओर से इशांक भाटी, जननायक जनता पार्टी की ओर से संजय गोयत, बसपा की ओर से नरेश गौतम सहित चुनाव कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने वेयर हाउस की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर संतोष व्यक्त किया।


**जींद।** रक्तदाता को बैज लगा उसकी हौंसलाअफजाही करते एसपी कुलदीप सिंह।

### रक्तदान मानव जीवन को बचाने का सबसे बड़ा माध्यम : एसपी

**जींद।** हरियाणा सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग के आह्वान पर हरियाणा पुलिस द्वारा समाज सेवा और जनकल्याण की भावना को आगे बढ़ाते हुए पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह के नेतृतव में पुलिस लाइन जींद में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 50 यूनिट रक्तदान किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने रक्तदाताओं को बैज लगा उनकी हौंसलाअफजाही की। उन्होंने कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक दायित्व ही नहीं बल्कि मानव जीवन को बचाने का सबसे बड़ा माध्यम है। एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदान साबित हो सकता है। पुलिस अधीक्षक जींद ने कहा कि रक्त किसी भी प्रयोगशाला में तैयार नहीं किया जा सकता तथा दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों, ऑपरेशन, कैंसर, थैलेसीमिया, हीमोफीलिया और मातृ स्वास्थ्य जैसी परिस्थितियों में इसकी आवश्यकता निरंतर बनी रहती है।

# नहीं मिली गेटवॉल, 10 को नोटिस जारी

- दनौदा खुर्द में एसडीओ के नेतृत्व में चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जल संरक्षण अभियान के तहत उपमंडल अभियंता कुलदीप कोहाड़, कनिष्ठ अभियंता पवन कुमार व बीआरसी सुरेंद्र कुमार के नैतृत्व में गांव दनौदा खुर्द में जल संरक्षण अभियान चलाया गया। उपमंडल अभियंता ने मोके पर पहुंचकर कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि आखिरी घर तक पानी पहुंच सके। कनिष्ठ अभियंता ने कहा कि जिन्होंने अवैध तरीके से कनैक्शन किए हुए हैं, उनको सात दिनों का नोटिस दिया जाए और साथ के साथ खुले में चला रहे नलों पर टेप लगवाने के लिए प्रेरित करें। बीआरसी सुरेंद्र कुमार ने टीम के साथ मिलकर 123 घरों का सर्वे किया गया और उपभोक्ताओं को पानी बचाने व खुली चल रही टूटी पर गेट वाल लगाने के लिए जागरूक किया गया। लोगों को बताया गया कि भारत सरकार की मुहिम जल जीवन मिशन जिसके तहत हर घर को नल से जल तभी सफल होगी, जब हर व्यक्ति अपनी जिम्मेवारी समझेगा और जरुरत का पानी लेने के पश्चात अपनी टूटीं बंद कर देगा। जल संरक्षण अभियान के तहत 10 घरों को नोटिस जारी किया गया। जिसमें नौ घर ऐसे थे जिनके कनैक्शन पर गेटवाल नहीं लगी हुई थी और एक कनैक्शन ऐसा था, जिस पर ना ही गेटवॉल थी और साथ में वो कनैक्शन गंदी नाली से होकर गुजर रहा था, उसको भी विभाग ने नोटिस जारी किया। सात दिन का समय दिया गया, इसके बाद विभाग ऐसे कनैक्शनो पर कार्रवाई करेगा। इस अवसर पर सुपरवाइजर नवीन, प्लम्बर, फिटर व पंप आपरेटर मौजूद रहे। जन स्वास्थ्य विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने कहा कि पेयजल आपूर्ति के प्रबंधन व रखरखाव पॉलिसी को लेकर जिले में ग्राम जल एवं सीवरेज समिति सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की जा रही है।


**जींद।** गेटवाल न होने पर नोटिस देते जनस्वास्थ्यकर्मी। फोटा :हरिभूमि

### लायंस क्लब जींद सिटी के प्रधान बने विकास मित्तल

**जींद।** लायंस क्लब जींद सिटी की जनरल बॉडी बैठक स्थानीय होटल में संपन्न हुई। इसमें प्रधान लायन विकास मित्तल और उनकी कार्यकारिणी के पिछले साल के सेवा कार्यों की समीक्षा की गई और उसके बाद सभी सदस्यों ने सहमति देकर लायन विकास मित्तल और उनकी कार्यकारिणी पर विश्वास जताया और उन्हें अगले साल के लिए भी जिम्मेदारी सौंपी गई। जिसमें प्रधान पद के लिए लायन विकास मित्तल सेक्रेटरी के लिए लायन हरिमोहन गर्ग और कोषाध्यक्ष के लिए लायन नवीन गुप्ता को पद दिया गया। लायंस क्लब जींद के चार्टर अध्यक्ष लायन सुरेश जिंदल ने बताया की क्लब आगे भी इसी तरह लोगों की सेवा कार्य करता रहेगा। लायन मनीष सिंगल, लायन दिनेश गर्ग, लायन महेश गुप्ता, लायन दीपक अग्रवाल, लायन कपिल जैन, लायन सुनील गर्ग, लायन विजय गर्ग, लायन शिवजीलाल मौजूद रहे।

## अन्नदाताओं को जमीन की घटती उर्वरता शक्ति के प्रति सचेत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

खेत बचाओ अभियान के तहत वीरवार को किनाना गांव में विशेष कृषि जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन कृषि विभाग जुलाना एवं कृषि विज्ञान केंद्र पांडू पिंडारा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य किसानों को रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग और प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. धीरज ने की। शिविर को संबोधित करते हुए डा. धीरज ने किसानों को जमीन की घटती उर्वरता शक्ति के प्रति सचेत किया। उन्होंने कहा कि फसलों में अंधाधुंध खादों का इस्तेमाल करने के बजाय मिट्टी की जांच करवा कर संतुलित मात्रा में ही फर्टिलाइजर का उपयोग करना चाहिए ताकि खेती की लागत कम हो और भूमि की सेहत भी सुधरे। कार्यक्रम में उपस्थित कृषि वैज्ञानिक डा. रवि ने किसानों को सरकार की सीआरएम योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानों को फसल अवशेष (पराली) न जलाने की अपील की और बताया कि किस प्रकार आधुनिक कृषि यंत्रों की मदद से पराली का प्रबंधन कर भूमि की उपजाऊ क्षमता को बढ़ाया जा सकता है।

## प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप के विजेता खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री सैनी से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व भारतीय टीम में 11 खिलाड़ियों ने किया। सभी विजेता खिलाड़ी हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डा. जयदीप आर्य एवं हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसो के महासचिव डा. युद्धवीर के नेतृत्व में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उनके सरकारी आवास संत कबीर कुटीर चंडीगढ़ में मिले। मुख्यमंत्री ने खिलाडियों को आशीर्वाद प्रदान किया तथा भविष्य में योगासन खेल में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश और प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दी।



जींद के योगा खिलाड़ी अभिषेक ने बताया कि इस अवसर पर खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री से योगासन खेल को हरियाणा की खेल नीति में शामिल करने तथा योगासन खिलाड़ियों को अन्य खेलों के खिलाड़ियों के समान सुविधाएं उपलब्ध करवाने का अनुरोध किया। खिलाड़ियों ने विश्वास व्यक्त किया कि यदि सीएम का मार्गदर्शन और आशीर्वाद उन्हें प्राप्त होता रहा तो वे विश्व स्तर पर हरियाणा का नाम और अधिक गौरवान्वित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डा. जयदीप आर्य ने अत्यंत सकारात्मक बताते कहा कि हरियाणा सरकार योग एवं योगासन के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा जन-जन तक योग पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में योगासन खिलाडिय़ों को और अधिक अवसर एवं सुविधाएं प्राप्त होंगी। इस बैठक एवं सम्मान कार्यक्रम में हरियाणा योग आयोग के उपाध्यक्ष रोशनलाल तथा रजिस्ट्रार डा. राजकुमार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।


गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर ठंडे पानी की छबील लगा कर वरताते हुए।

### लोगों को ठंडा मीठा पानी पिलाकर प्यास बुझाई

**नरवाना।** गुरु सिंह सभा नरवाना द्वारा गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर ठंडे मीठे जल की छबील लगाई। जिसमें काफी संख्या में लोगों ने ठंडा मीठा पानी पीकर तपती भीषण गर्मी में अपनी प्यास बुझाई। गुरुद्वारा सिंह सभा ढाणी गांधी नगर के महासचिव एवं भाजपा नेता सरदार गुरजीत सिंह तलवार छोटा ने बताया कि गुरु अर्जुन देव का शहीदी दिवस ठंडे मीठे पानी को संगत को व्रताया गया और भीषण गर्मी में राहत देने का काम किया गया। श्री गुरुद्वारा सिंह सभा की मैनेजमेंट के प्रधान कृष्ण घुम्मन, उपप्रधान जसपाल सिंह, प्रबंधक अंग्रेज सिंह, रामचंद्र जैन हरप्रीत सिंह चौपड़ा, गोल्डी महाजन,सुनील आदि सदस्य मौजूद रहे।

### टूटते परिवारों की बढ़ती समस्या, मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों पर सेमिनार

# नियमित परिवारिक बैठकें, एक-दूसरे की भावनाओं को समझना छोटी छोटी बातों पर ध्यान देना व पेशेवर मदद लेने में संकोच न करना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पुराने बस अड्डे के सामने स्थित बाल धर्मार्थ अस्पताल में गुरूवार को जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य टूटते परिवारों की बढ़ती समस्या, मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों और उनके समाधान पर लोगों को जागरूक करना था। शिविर में स्थानीय नागरिकों, अभिभावकों और युवाओं की अच्छी खासी भीड़ उमड़ी। शिविर की मुख्य वक्ता वरिष्ठ साइक्लोजिस्ट डा. आरती शर्मा ने विस्तार से टूटते परिवारों के कारणों पर प्रकाश डाला। डा. आरती शर्मा ने कहा कि आजकल व्यस्त जीवनशैली, आर्थिक दबाव, सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग और संवाद की कमी परिवारों को तोड़ने में बड़ी भूमिका निभा रही है। पति व पत्नी के बीच बढ़ते मतभेद, बच्चों की अनदेखी और बुजुर्गों की उपेक्षा से मानसिक तनाव बढ़ रहा है। उन्होंने परिवारों को बचाने के उपाय भी सुझाए। डा. आरती शर्मा ने जोर देकर कहा कि नियमित परिवारिक बैठकें, एक-दूसरे की भावनाओं को समझना, छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देना और पेशेवर मदद लेने में संकोच न करना बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि अवसाद, चिंता, क्रोध और नींद की समस्या जैसे मानसिक विकार आजकल आम हो गए हैं। खासकर युवा पीढ़ी और महिलाओं में। शिविर में डा. आरती शर्मा ने इंटरैक्टिव सत्र भी आयोजित किए। लोगों ने अपनी व्यक्तिगत समस्याएं साझा की और विशेषज्ञ सलाह ली। एक स्थानीय महिला ने बताया कि घरेलू कलह के कारण मैं काफी तनाव में थी, आज डॉक्टर मैम की बातें सुनकर बहुत राहत मिली है। वहीं युवा वर्ग ने करियर के दबाव और रिलेशनशिप मुद्दों पर चर्चा की। अतुल चौहान ने बताया कि यह शिविर सामाजिक जिम्मेदारी के तहत आयोजित किया गया था। अस्पताल का प्रयास है कि लोग शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान दें। भविष्य में ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।


**जींद।** काउंसलिंग करते डा. आरती शर्मा। फोटो :हरिभूमि


**उचाना।** समाधान शिविर में समस्या सुनते एसडीएम रमित यादव। फोटो :हरिभूमि

### समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनी जनसमस्याएं

**उचाना।** उपमंडल कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम रमित यादव ने लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। शिविर में पीने के पानी, गंदे पानी की निकासी, बिजली निगम, पंचायत तथा फैमिली आईडी से संबंधित समस्याएं प्रमुख रूप से उठाई गईं। एसडीएम ने कहा कि आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को समाधान शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर में सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहते हैं ताकि लोगों की शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया जा सके। शिविर में पहुंचे नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा सुनिश्चित किया जाए और किसी भी नागरिक को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक प्रशासनिक सेवाओं का लाभ पहुंचाना है।

**खबर संक्षेप**

## राकेश टिकैत से मिले सुभाष बडसीकरी

**राजौंद।** किसान यूनियन के मीडिया प्रभारी सुभाष बडसीकरी ने हरिद्वार में आयोजित चिंतन शिविर के दौरान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच किसानों पर हो रहे अत्याचारों और उनकी समस्याओं को लेकर गंभीर विचार-विमर्श किया गया। सुभाष बडसीकरी ने बताया कि संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है। इसके लिए सभी जिला प्रधानों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रियता के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तर पर जल्द से जल्द प्रधानों की नियुक्ति की जाए और सीनियर लीडरों को उनकी सूची सौंपने का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि संगठन को मजबूती मिल सके।

## भव्य रूप से मनाया जाएगा योग दिवस : एसडीएम

**गुहला-चीका।** एसडीएम अजय हुड्डा ने 21 जून को विश्व योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन भव्य रूप से मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम अनाज मंडी चीका में आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा राज्य कृषि मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन वेदपाल एडवोकेट तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर शिरकत करेंगे। योग दिवस पर सैंकड़ों की संख्या में विभिन्न स्कूलों के बच्चें, खिलाड़ी, स्थानीय लोगों के साथ-साथ महिलाएं भी भाग लेंगी। इस भव्य आयोजन के लिए प्रशासन अपनी तैयारियों में जुटा है, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की डयूटियां लगाई गई है एसडीएम ने अधिकारियों व कर्मचारियों को भी निर्देश दिए कि इस कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की कमी न रहे।

## बार एसो. के चुनाव 11 सितंबर को : शर्मा

**कैथल।** बार काउंसिल ऑफ पंजाब एवं हरियाणा, चंडीगढ़ ने वर्ष 2026 के जिला बार एसोसिएशन चुनावों का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। बार काउंसिल द्वारा जारी कार्यक्रम के



अनुसार पंजाब, हरियाणा तथा केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की सभी बार एसोसिएशनों के चुनाव 11 सितंबर को होंगे। जिला बार एसो के प्रधान संदीप शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम अनुसार अधिवक्ताओं को नियम 6 (बी)(1) के तहत शपथ पत्र/अंडरटेकिंग दाखिल करनी होगी, जो शपथ आयुक्त या नोटरी पब्लिक द्वारा सत्यापित हो। इसके लिए अंतिम तिथि 16 जुलाई निर्धारित की गई है। इसी तिथि तक प्रत्येक सदस्य को 30 जून तक की वार्षिक सदस्यता फीस आरटीजीएस, एनईएफटी, आईएमपीएस, यूपीआई अथवा अन्य स्वीकृत माध्यम से जमा करानी होगी।

## मस्तगढ़ से घर के बाहर खड़ा ट्रैक्टर चोरी

**कैथल।** मस्तगढ़ गांव में चोरकर ले गए। मस्तगढ़ निवासी जसकरण सिंह ने बताया कि 11 जून को सुबह करीब 5:30 बजे उसका ट्रैक्टर घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान चोर ट्रैक्टर चोरी कर ले गए। काफी तलाश के बाद भी ट्रैक्टर का कोई सुराग नहीं लग सका। जांच अधिकारी लखविंद्र ने बताया कि शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी की प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

## सब्जी मंडी व पाई से मोटरसाइकिल चोरी

**कैथल।** चोर जिले में दो अलग-अलग स्थानों से दो बाइक चुराकर ले गए। फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी राजबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 14 जून की रात करीब 7:45 बजे चोर सब्जी मंडी कैथल से उसकी बाइक चोरी कर ले गए। वहीं गांव पाई निवासी कृष्ण कुमार ने शिकायत दी कि 17 जून की रात करीब 10 बजे उसके गांव से उसकी बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने शिकायतों के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शहादत दिवस पर छबील लगा श्रद्धालुओं और राहगीरों ने ठंडा पानी पिलाया

# गुरु अर्जुनदेव ने हमेशा समानता, प्रेम सेवा और भाईचारे का संदेश दिया

- धर्म और सच्चाई के मार्ग पर अडिग रहने के कारण 1606 में गुरु जी ने शहादत प्राप्त की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

पूंडरी के हाबड़ी रोड स्थित ननकाना साहिब गुरुद्वारे में पांचवें गुरु श्री गुरु अर्जुनदेव जी के शहादत दिवस के अवसर पर प्रबंधक कमेटी की ओर से ठंडे पानी की छबील लगाई गई। सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक चली छबील में हजारों श्रद्धालुओं और राहगीरों ने ठंडा पानी पीकर अपनी प्यास बुझाई।

इस मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान यादवेंद्र सिंह चट्ठा, महासचिव सरदार सेवा सिंह खारा, कोषाध्यक्ष स. कुलविंद्र चट्ठा और उपाध्यक्ष साहब सिंह ने कहा कि सिख गुरुओं ने मानवता, सेवा और धर्म की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि सिख धर्म के पांचवें गुरु श्री गुरु अर्जुनदेव जी का जन्म 1563 में गोइंदवाल साहिब में हुआ था। उन्होंने श्री हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) के निर्माण को पूरा करवाया और सिख धर्म के पवित्र ग्रंथ आदि ग्रंथ का संकलन करवाया, जो आगे चलकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब का आधार बना। गुरु अर्जुनदेव जी ने हमेशा समानता, प्रेम, सेवा और भाईचारे का संदेश दिया।

धर्म और सच्चाई के मार्ग पर अडिग रहने के कारण वर्ष 1606 में गुरु अर्जुनदेव जी ने शहादत प्राप्त की। उनकी शहादत को सिख इतिहास में मानवता और धार्मिक स्वतंत्रता के लिए महान बलिदान के रूप में याद किया जाता है।

कमेटी सदस्यों ने कहा कि छबील लगाने का उद्देश्य गुरु साहिब की शिक्षाओं के अनुसार सेवा भावना को आगे बढ़ाना है। इस दौरान श्रद्धालुओं ने सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लिया।



पूंडरी। छबील में ठंडा पानी पिलाते कमेटी सदस्य। फोटो: हरिभूमि



### गुरु अर्जन देव का शहीदी दिवस साथ मनाया, गुरबाणी कीर्तन और गुरु इतिहास श्रवण कर निहाल हुई संगत

**सीवन।** गुरुद्वारा दशमेश सिंह सभा, सीवन में पंचम पातशाह गुरु अर्जन देव जी का शहीदी दिवस अत्यंत श्रद्धा, सत्कार और गुरमत परंपराओं के अनुरूप मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संगत ने गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर गुरु घर में माथा टेका और गुरु साहिब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के वरिष्ठ सदस्य सरदार अमरेंद्र सिंह खारा ने बताया कि गुरु अर्जन देव जी ने सत्य, धर्म और मानवता की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका जीवन त्याग, सेवा, नम्रता और प्रभु भक्ति का अनुपम उदाहरण है, जो आज भी पूरी मानवता को प्रेरणा प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में 16 जून से आरंभ हुए अखंड पाठ साहिब के आज श्रद्धापूर्वक भोग डाले गए। इसके उपरांत सजे धार्मिक दिवान में गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी भाई जसवीर सिंह ने अपने जत्थे सहित गुरबाणी कीर्तन कर संगत को गुरु चरणों से जोड़ा। वहीं भाई बलविंदर सिंह ने गुरु इतिहास एवं गुरमत विचारों की व्याख्या करते हुए गुरु अर्जन देव जी की महान शहादत, उपदेशों और सिख पंथ में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने संगत को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु साहिब ने कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, विनम्रता और प्रभु के नाम का दामन नहीं छोड़ा तथा समस्त मानवता को प्रेम, भाईचारे और सहनशीलता का संदेश दिया। गुरबाणी कीर्तन और गुरु इतिहास का श्रवण कर संगत गुरु यश में भाव-विभोर हो गई।



कैथल। एसडीएम संजय कुमार समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए

## समस्याओं का समाधान करना शिविरों का उद्देश्य : संजय कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

- ताकि नागरिकों को बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें

एसडीएम संजय कुमार ने कहा कि समाधान शिविरों का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। इसलिए शिविर में प्राप्त प्रत्येक शिकायत को पूरी गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय सीमा में उसका समाधान किया जाए, ताकि नागरिकों को बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

एसडीएम संजय कुमार वीरवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। उनके साथ डीएसपी रोहताश व डीडीपीओ रितु लाठर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से बिजली, पेयजल, परिवार पहचान पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राजस्व तथा नगर निकायों से जुड़ी समस्याओं का मौके पर समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों पर की गई कार्रवाई की एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) निर्धारित समय के भीतर पोर्टल पर अपलोड की जाए, जिससे शिकायतकर्ता को समय पर न्याय और संतुष्टि मिल सके।

समाधान शिविर में विभिन्न समस्याएं एवं आवेदन प्राप्त हुए। गांव नीमवाला निवासी भारत ने वकील के खिलाफ शिकायत दी, जिसमें उसने आरोप लगाया कि रजिस्ट्री के बाद इंतकाल के लिए दो बार पैसे देने के बाद भी इंतकाल नहीं करवाया गया। एसडीएम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला राजस्व अधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इंदिरा कॉलोनी (पूंडरी) निवासी भीम सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ न मिलने की शिकायत की।

## किसानों को जहरमुक्त खेती पर काम करने के लिए प्रेरित किया

**कलायत।** गांव वजीर नगर में कृषि विज्ञान केंद्र कैथल और कृषि एवं किसान कल्याण विभाग कैथल द्वारा संयुक्त किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा.रमेश वर्मा, डा. गुरनाम, डा.दीपक व डा. जोगिन्दर ने किसानों को धान की रोपाई के लिए बहुत महत्वपूर्ण जानकारी दी। जहरमुक्त खेती पर काम करने के लिए प्रेरित किया। डाक्टर टीम ने कहा कि धान की सीधी बुआई तकनीक किसानों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही है। इससे पारंपरिक रोपाई की तुलना में पानी, श्रम और लागत की भारी बचत होती है। डीएसआर का अर्थ है डायरेक्ट सीडेड राइस। इस विधि में धान की नर्सरी (पौध) तैयार करने और उसे उखाड़र दूसरी जगह रोपने की आवश्यकता नहीं होती है।



### डॉ. विकास बने अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के महामंत्री



**कैथल।** अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन में कैथल से डॉ विकास गुप्ता को राष्ट्रीय महामंत्री नियुक्त किया गया है। इसके लिए डॉ साहब ने अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज कुमार मित्तल का तथा हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष तीर्थ राज गुप्ता का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए पूरी निष्ठा के साथ समाज के प्रति अपने दायित्व को निभाने का संकल्प लिया है। बता दें कि डा. विकास गुप्ता चिकित्सक के साथ साथ प्रसिद्ध समाजसेवी भी हैं। वे समाजहित के विभिन्न कार्यों में बढ चढकर भाग लेते हैं। इसके साथ ही वे गरीबों व जरूरतमंद की मदद के लिए भी हमेशा तैयार रहते हैं।

## नियमित योग से जीवन को स्वस्थ और सकारात्मक बनाएं : डॉ. शकुंतला दहिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

- तीन दिवसीय सामान्य योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक समापन

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के सफल आयोजन की तैयारियों के तहत जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग कैथल के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जखोली अड्डा में आयोजित तीन दिवसीय सामान्य योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का वीरवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ।

नोडल अधिकारी एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरेश राविश के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, एनसीसी एवं एनएसएस कैडेट्स तथा नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सामान्य योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

शिविर के अंतिम दिन आयुष विभाग के योग विशेषज्ञों एवं योग सहायकों ने प्रतिभागियों को सूक्ष्म व्यायाम, विभिन्न योगासन, प्राणायाम तथा ध्यान का अभ्यास कराया। साथ ही योगाभ्यास के दौरान सही शारीरिक मुद्रा, श्वास-प्रश्वास की वैज्ञानिक विधि तथा योग से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभों की विस्तृत जानकारी दी। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और विचारों में संतुलन स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, मानसिक तनाव कम होता है।

## शिविर में किया समस्याओं का समाधान



**कैथल।** सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कैथल जिले में जन कल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन की ओर से कैथल लघु सचिवालय सभागार तथा कलायत, पूंडरी और गुहला-चीका के बीडीपीओ कार्यालयों में शिविर लगाए जा रहे हैं। 19 जून को भी इन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। डीसी अपराजिता के दिशा निर्देश अनुसार एसडीएम कैथल संजय कुमार, कलायत व गुहला-चीका के एसडीएम अजय हुड्डा व एमडी शुगर मिल कृष्ण कुमार के मार्गदर्शन में इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। एसडीएम कैथल संजय कुमार ने बताया कि शिविर में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान आईडी, किसान कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी और साथ ही पंजीकरण भी किया गया। साथ ही शिविरों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की विभिन्न समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर करना है। कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि शिविर में आने वाले प्रत्येक नागरिक की समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। कलायत एवं गुहला-चीका के एसडीएम अजय हुड्डा ने बताया कि बीडीपीओ कार्यालयों में आयोजित शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों की शिकायतों और मांगों का निस्तारण किया जा रहा है। पात्र नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई भी की जा रही है।

## स्वास्थ्य जांच शिविर में 156 ग्रामीणों ने उठाया लाभ



**राजौंद।** समाजसेवा और जनकल्याण के उद्देश्य से नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा गांव सोंगल में निशुल्क मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श, आवश्यक जांच तथा मुफ्त दवाइयां उपलब्ध करवाई गईं। फाउंडेशन की मेडिकल वैन के माध्यम से आयोजित इस शिविर में डॉ. बलिंद्र के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर के दौरान कुल 156 ग्रामीणों ने लाभ उठाया, जिनमें से 140 लोगों को निशुल्क दवाइयां दी गईं, जबकि 16 लोगों के लैब टेस्ट किए गए। शिविर में ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए समय-समय पर जांच करवाने की सलाह दी गई। सांसद कार्यालय कैथल के प्रभारी रविंद्र धीमान ने बताया कि सांसद नवीन जिंदल का उद्देश्य महंगी चिकित्सा सेवाओं से आम जनता को राहत दिलाना है और उन्हें उनके घर के पास ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है।उन्होंने कहा कि इस पहल का सबसे अधिक लाभ महिलाओं और बुजुर्गों को मिल रहा है, जो बड़े अस्पतालों तक पहुंचने में असमर्थ रहते हैं। शिविर में जहां एक ओर मुफ्त दवाइयां दी गईं, वहीं दूसरी ओर टीम द्वारा लैब टेस्ट के माध्यम से लोगों को समय रहते बीमारी के प्रति जागरूक भी किया गया। इस दौरान संजीव कुमार सरपंच प्रतिनिधि राजेश शर्मा पूर्व सरपंच संजीव, धर्मपाल, मुकेश शर्मा, जोगिन्द्र शर्मा एवं विरेन्द्र सारन कलायत हल्का प्रभारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## फतेहपुर पूंडरी बस स्टैंड पर लगाया वाटर कूलर



**पूंडरी।** सांसद नवीन जिन्दल के जनसेवा संकल्प को आगे बढ़ाते कैथल जिले के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर आमजन की सुविधा के लिए वाटर कूलर लगवाऐ जा रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्रवासियों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराना तथा गर्मी के दौरान लोगों को राहत प्रदान करना है। सांसद नवीन जिन्दल द्वारा अपने निजी कोष से चारों विधानसभा क्षेत्र गुहला, कैथल, कलायत और पूंडरी के प्रमुख बस स्टैंडों, चौक एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर वाटर कूलर लगाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज फतेहपुर पूंडरी बस स्टैंड पर वाटर कूलर का उद्घाटन किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए सांसद नवीन जिन्दल के कैथल कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए सार्वजनिक स्थलों पर इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करना समाज एवं जनस्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर सुभाष हजवाना चेयरमैन मार्किट कमेटी पुंडरी ने इस जनकल्याणकारी पहल का स्वागत करते हुए सांसद नवीन जिन्दल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों की सुविधाओं के लिए सांसद नवीन जिन्दल उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। उन्होंने इसे आमजन की सुविधा एवं स्वास्थ्य के लिए सांसद नवीन जिन्दल का एक सराहनीय कदम बताया। गौरतलब है कि सांसद नवीन जिन्दल द्वारा जिले में कैथल बस स्टैंड, सीडब्ल्यूसी कार्यालय के निकट, राजौंद के महाराणा प्रताप चौक, कलायत बस स्टैंड के नजदीक, ढांड के पंचमुखी चौक, गुहला के गाँव चाबा में गुरुद्वारा साहिब और कवारतन में बस स्टैंड सहित अन्य स्थानों पर वाटर कूलर लगाए जा रहे हैं।

## विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को गंभीरता से लें विभाग : सुशील कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

- पंचायतों में नियमित मुनादी करवाई जाए, धरातल पर प्रभावी गतिविधियां दिखाई देनी चाहिए
- 1 जुलाई 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे मतदाता बनने के पात्र होंगे

एडीसी सुशील कुमार ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को पूरी गंभीरता, पारदर्शिता एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न किया जाए। अभियान की सफलता के लिए व्यापक जन जागरूकता सबसे आवश्यक है और प्रत्येक विभाग को अपनी जिम्मेदारी पूरी सक्रियता से निभानी होगी। एडीसी सुशील कुमार वीरवार को लघु सचिवालय में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम की समीक्षा बैठक लेते हुए सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वीप गतिविधियों के तहत अभियान को लेकर जागरूकता अभियान चलाए जाएं। पंचायतों में नियमित मुनादी करवाई जाए। धरातल पर प्रभावी गतिविधियां दिखाई देनी चाहिए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर एवं एएनएम बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अभियान में सक्रिय सहयोग करें। इसी प्रकार जिला उच्च शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि कालेज खुलते ही मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। लिटरेसी क्लब एवं चुनाव पाठशालाओं के माध्यम से ऐसे युवाओं का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए, जो 1 जुलाई 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर मतदाता बनने के पात्र होंगे। उन्होंने जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी को अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। साथ ही रोडवेज जीएम को बसों पर तथा जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक को पेट्रोल पंपों जागरूकता पोस्टर एवं बैनर लगाने के निर्देश दिए। नगर परिषद एवं स्थानीय निकायों को भी लाउडस्पीकर के माध्यम से नियमित घोषणाएं करवाने के निर्देश दिए गए। सभी विभाग अपने कर्मचारियों एवं उनके परिवार के 18 वर्ष से अधिक आयु के पात्र सदस्यों का मतदाता पंजीकरण सुनिश्चित करेंगे।

### युवाओं से पढ़ाई व खेलकूद में मेहनत कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का किया आह्वान

**26 जून तक चलेगा ड्रग फ्री हरियाणा अभियान**

# नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर अपने सपनों को साकार करें युवा : अपराजिता





कैथल। ड्रग फ्री हरियाणा अभियान के कार्यक्रम में मंच पर बैठी डीसी अपराजिता व अन्य। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा 11 जून से 26 जून तक ड्रग फ्री हरियाणा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी वीरवार को हिन्दू गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैथल में जिला स्तरीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल की प्रेरणा से, एडीजीपी संजय कुमार के मार्गदर्शन में तथा एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के संयोजन में किया गया, जिसमें डीसी अपराजिता ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उनका स्वागत डीएसपी सुशील प्रकाश ने किया। डीसी अपराजिता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किशोरावस्था जीवन का सबसे महत्वपूर्ण दौर होता है, जिसमें व्यक्ति द्वारा लिए गए छोटे-छोटे निर्णय उसके पूरे भविष्य की दिशा तय करते हैं। जीवन केवल भाग्य से नहीं, बल्कि हमारे द्वारा किए गए सही और गलत निर्णयों से बनता है। यदि कोई मित्र नशे जैसी गलत आदत अपनाने के लिए प्रेरित करे तो ऐसे मित्र को त्याग दें। इस उम्र में सही निर्णय लिए जाएं तो सफलता निश्चित है। इसलिए नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर अपने सपनों को साकार करें और समाज व देश के लिए प्रेरणा बनें।

उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि एक बार यदि कोई व्यक्ति नशे की गिरफ्त में आ जाता है तो उससे बाहर निकलना अत्यंत कठिन हो जाता है और उसका भविष्य कई वर्षों पीछे चला जाता है। इसलिए आज सही निर्णय लेना ही सबसे बड़ी समझदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने माता-पिता का विश्वास बनाए रखने, उनकी बातों का सम्मान करने तथा अनुशासित जीवन अपनाने का आह्वान किया।

डीसी ने कहा कि विद्यार्थियों से पढ़ाई, खेलकूद और अन्य सकारात्मक गतिविधियों में पूरी मेहनत करने का आह्वान करते हुए कहा कि यही युवा आगे चलकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### अभियान सिरसा से शुरू होकर फरीदाबाद में होगा सम्पन्न

इस अभियान का उद्घाटन चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय सिरसा से प्रारम्भ हुआ था। जिसके बाद 12 जून को आईटीआई फतेहाबाद, 15 जून को पंचकूला, 16 जून को यमुनानगर, 17 को पानीपत, 18 को कैथल, 20 को झज्जर, 22 को सोनीपत, 23 को गुरुग्राम, 26 को फरीदाबाद में अभियान का समापन फरीदाबाद में होगा।

### अधिकारियों ने बताए नशे के दुष्प्रभाव

इस अवसर पर अधिकारियों ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों, उसके सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी नुकसान तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में डीएसपी रमेश चंद्र, इफको हरियाणा के एरिया मैनेजर देवी दयाल, डॉ. प्रमिला रेढू, हारट्रोन एडवांस स्किल सेंटर के प्रमुख डॉ. बलविंदर ढुल, चीफ कोऑर्डिनेटर पंकज आत्रेय, एसएचओ सिविल लाइन इंस्पेक्टर रमेश चंद्र, हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के इंस्पेक्टर मंजीत, एसआई सतीश, एएसआई नरेश, एएसआई अमन सहित पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पुलिस मुख्यालय पंचकूला के कम्युनिटी आउटरीच प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव रंजन ने किया।

## खबर संक्षेप

### मिड डे मील वर्करों ने किया प्रदर्शन

**जींद।** मिड डे मील वर्कर्स यूनियन ने हरियाणा सरकार व शिक्षा विभाग द्वारा गत 12 जनवरी को पंचकूला में राज्य स्तरीय रैली के उपरान्त मिड डे मील वर्कर्स की मानी गई मांगों को लागू नहीं करने के विरोध में और नौ जून को पंचकूला बुलाकर शिक्षा मंत्री द्वारा यूनियन के नेताओं से बात नहीं करने के विरोध में वीरवार को जींद में प्रदर्शन कर शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा की शव यात्रा निकाली।

### सफाई की जमीनी स्थिति परखने पहुंची टीम

**कलायत।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर कलायत में सफाई व्यवस्था की वास्तविक परीक्षा शुरू हो गई है। सफाई सर्वेक्षण एजेंसी के अधिकारी अचानक नगर पालिका कर्मियों के साथ फिल्ड में उतरे। केंद्रीय टीम के अधिकारियों ने शहर के विभिन्न वार्डों और अलग-अलग घरों में जाकर कचरा प्रबंधन, गलियों की सफाई और सार्वजनिक शौचालय की जमीनी हकीकत देखी।

### समय पर सोना और उठना भी योग

**कैथल।** हुड्डा सेक्टर 20 में पतंजलि योगपीठ के तत्वाधान में पतंजलि योग समिति व भारत स्वाभिमान कैथल द्वारा चलाए जा रहे सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के 17 वें दिन का शुभारंभ समाजसेवी शिवनारायण गोयल वीरभान केमिस्ट व चीका से आए आचार्य हरिओम ने दीप प्रज्वलित करके किया। भारत स्वाभिमान प्रभारी व शिविर संयोजक रामचरण ने बताया कि समय पर सोना समय पर उठना भी योग है।

### महिला की सोने की बाली छीनी

**जींद।** भिवानी रोड रेलवे फाटक के निकट रेलवे लाइन पार करते समय दो युवकों ने एक महिला से सोने की बाली झपट ली। जिसमें महिला का कान फट गया। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और संदिग्धों को तलाशा भी लेकिन उनका कोई सुराग नही लगा। अजमेर बस्ती निवासी रीना भिवानी रोड रेलवे फाटक के पार फैक्टरी में मजदूरी करती है। वीरवार दोपहर बाद फैक्टरी से लौटते समय लूट की शिकार हो गई।

### तालाब में गंदगी की भरमार, उठ रही दुर्गंध

**राजौंद।** शहर के जींद मार्ग पर स्थित तालाब की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। तालाब का पानी पूरी तरह सड़ चुका है और उसमें काई व गंदगी की मोटी परत जम गई है, जिससे आसपास के क्षेत्र में तेज दुर्गंध फैल रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पानी अब पशुओं को पिलाने लायक भी नहीं रहा, जिसके चलते उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### रैलियों पर रोक लगाने के आदेश पर रोष जताया

**जींद।** हरियाणा सरकार द्वारा आगामी सितंबर माह तक प्रदेश में धरना, प्रदर्शन एवं रैलियों पर रोक लगाने के आदेश की केंद्रीय मजदूर संगठन आल इन्डिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर ने कड़े शब्दों में निंदा की है। एआईयूटीयूसी हरियाणा के प्रदेश सचिव हरिप्रकाश ने कहा कि सरकार का यह आदेश प्रदेश की मेहनतकश जनता विशेष तौर पर मजदूर व कर्माचारियों के पूरी तरह से खिलाफ है।

---

### कलायत नगर पालिका के पार्कों में तैनात हैं आठ कर्मी

# पांच महीने से नहीं मिला मेहनताना तो अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे

**एसडीएम से की थी शिकायत, कार्रवाई नहीं होने से निराश हैं कर्मी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलायत

केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों के हितों को लेकर बनाई गई नीति को कलायत नगर पालिका दर किनार करते हुए सात पार्कों में तैनात सभी 8 कर्मियों को पांच माह से मेहनताना न देने का मामला सामने आया है। इसमें 2 सिक्योरिटी गार्ड, 2 माली व चार सफाई कर्मी शामिल हैं। इन सभी ने पिछले पांच माह से मेहनताना न मिलने से खफा होकर पार्कों का कार्य छोड़ते हुए नगर पालिका कार्यालय में अनिश्चितकालीन धरने का ऐलान किया। कुलदीप, नंदलाल, सुमित, रवि, लछो, जगसीर, रेखा व अमित कुमार ने कहा कि वेतन न मिलने के संबंध में एसडीएम को कुछ दिन पहले शिकायत दी गई थी। बावजूद इसके कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसके चलते उन्हें काम छोडक़र प्रदर्शन की राह पकडऩी पड़ी है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि नगर पालिका द्वारा शहर के पार्कों के रखरखाव और सुरक्षा कार्य के लिए एक एजेंसी को टेंडर दिया गया था। इसी एजेंसी के माध्यम से वे पार्कों में सफाई, रखरखाव, माली और अन्य कार्यों में लगे हुए हैं। एजेंसी द्वारा पिछले पांच महीनों से उनका वेतन नहीं दिया गया है। जिससे उनके परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। दीगर है कि पार्कों के टेंडर में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए आरटीआई के साक्ष्यों सहित समाज सेवी सुरेंद्र बैद्य ने सरकार को शिकायत की थी। इस गंभीर मामले की जांच डीसी ने एडीसी को सौंपी थी। सुरेंद्र बैद्य ने बताया कि एडीसी जांच को पूरा कर चुके हैं। जांच रिपोर्ट पर डीसी कार्यालय को कार्यवाही करनी है। लेकिन न जाने क्यों इतने लंबे समय से मामले में प्रभावी कार्यवाही नहीं हो रही। इसी का फायदा उठाकर नगर पालिका अधिकारियों व एजेंसी ने पार्क कर्मियों के सामने भूखे मरने की नौबत पैदा कर दी है।



कलायत। कलायत नगर पालिका में प्रदर्शन करते पार्कों के कर्मी।

#### दुखड़ा सुनाते हुए फफक पड़ीं महिला कर्मी

प्रदर्शनकारियों में शामिल दो महिला कर्मी वेतन न मिलने की समस्या को लेकर फफक पड़ी। लीछो देवी ने कहा कि उसका पति भी मजदूरी करता है। घर में दो लडक़ी व एक लडक़ा है। इन हालातों में बच्चों के भोजन की व्यवस्था वे कैसे करें व किस तरह इन्हें पढ़ाएं। रेखा देवी ने कहा कि उसके परिवार में तीन लडक़ी व एक लडक़ा है। पति दिहाड़ी मजदूरी करता है। उम्मीद थी कि पार्क में नियमित रूप से वेतन मिलेगा और कोई परेशान न होगी। लेकिन जो हालात बने हैं उसने उन्हें खून के आंसु रुला दिया है।

#### वेतन देना एजेंसी की जिम्मेवारी: सचिव

नगर पालिका सचिव पवन शर्मा ने बताया कि शहर के सात पार्कों के रखरखाव एवं सिक्योरिटी का टेंडर एजेंसी को दिया गया था। टेंडर की शर्तों के अनुसार कर्मचारियों का भुगतान करना एजेंसी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इस विषय की पूरी जानकारी प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को दे दी गई है। साथ ही शीर्ष अधिकारियों को स्थिति से अवगत करवाया गया है।

---



जींद। नीट को लेकर आयोजित वीसी में भाग लेते डीसी व अन्य अधिकारी।

## नीट : चाक-चौबंद की व्यवस्था के लिए डीसी ने दिए निर्देश

- 21 जून को आयोजित होगी परीक्षा, तैयारी पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट 2026 की पुनर्परीक्षा 21 जून को आयोजित की जाएगी। इसी कड़ी में वीरवार को डीसी डा. वैशाली शर्मा ने लघु सचिवालय के सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह सुदृढ़ रखी जाए। परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। इससे पूर्व इस संबंध में डीजीएचई एस. नारायणन तथा राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी के महानिदेशक अभिषेक सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों को परीक्षा के सफल संचालन एवं तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए हर स्तर पर सख्त निगरानी आवश्यक है। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर निर्बाध बिजली आपूर्ति, पेयजल और बैठने की समुचित व्यवस्था समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था, पार्किंग तथा अभ्यर्थियों के सुगम आवागमन के लिए विशेष प्रबंध करने को कहा गया ताकि परीक्षा के दिन किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान कानून.व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की जाए तथा परीक्षा केंद्रों के आसपास कड़ी निगरानी रखी जाए। डीसी ने कहा कि किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने के लिए कंट्रोल रूम और आपातकालीन व्यवस्थाओं को पूरी तरह सक्रिय रखा जाए। जिला कंट्रोल रूम के कक्ष संख्या 211 से सभी परीक्षा केंद्रों की निगरानी की जाएगी।

#### शांतिपूर्ण हो परीक्षा

डीसी ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो और परीक्षा शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष माहौल में संपन्न हो।

---

# मिड-डे-मील वर्करों ने की नारेबाजी

- शिक्षा मंत्री हरियाणा सरकार का पुतला दहन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

जिला कैथल की मिड डे मील वर्करों ने प्रधान रितु क्योड़क की अध्यक्षता में सचिवालय परिसर में शिक्षा मंत्री हरियाणा सरकार की शव यात्रा निकालकर सचिवालय के मुख्य द्वार पर उनका पुतला दहन किया।

वर्करों में शिक्षा मंत्री व हरियाणा सरकार के प्रति इस बात को लेकर गहरा रोष था कि उन्होंने शिक्षा मंत्री के पानीपत कैम्प कार्यालय पर 5 जून को राज्य स्तरीय धरना-प्रदर्शन का कार्यक्रम अपनी मांगों के समाधान के लिए रखा था , इसकी तैयारी के लिए सारे हरियाणा में सभी जिलों में जोरदार अभियान चला हुआ था तो शिक्षा मंत्री ने प्रदर्शन से पहले मिड-डे-मील वर्कर यूनियन को 9 जून को चण्डीगढ़ स्थित अपने सचिवालय कार्यालय में बातचीत का बुलावा भेज दिया, जिससे यूनियन ने पांच जून के पानीपत कार्यक्रम को स्थगित कर दिया। यूनियन के नेता कामरेड सत्यवान ने बताया कि जैसे ही यूनियन का शिष्टमंडल राज्य प्रधान राजरानी सिरसा की अध्यक्षता में नौ जून को शिक्षा मंत्री कार्यालय पर चण्डीगढ़ पहुंचा तो शिक्षा मंत्री महीपाल ढाण्डा वहां नही मिले और किसी दूसरे कार्यक्रम में चले गए।



कैथल। मिड डे मील वर्कर शिक्षामंत्री का पुतला दहन करते हुए फोटोः हरिभूमि

### विकास की राह पर तेजी से बढ़ रहा उचाना: राणा

**उचाना।** भाजपा उचाना मंडल महामंत्री रमेश राणा ने कहा कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के नेतृत्व में उचाना हलका लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है। विधानसभा चुनाव के दौरान हलके के लोगों से किए गए वायदों को विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पूरा कर रहे हैं, जिससे क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिली है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उचाना में आयोजित विकास रैली के बाद क्षेत्र में विकास कार्यों की रफ्तार और तेज हुई है। सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कई कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जा रहा है, जिससे आमजन को सीधा लाभ मिल रहा है।

## खेल मैदान के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ उचाना

गांव तारखा के युवाओं एवं ग्रामीणों ने गांव में खेल मैदान की व्यवस्था करवाने की मांग को लेकर एसडीएम उचाना से मुलाकात की और उन्हें मांग पत्र सौंपा। युवाओं ने कहा कि वर्तमान समय में गांव के युवाओं का रुझान खेलों की ओर लगातार बढ़ रहा है, लेकिन खेल मैदान के अभाव में उन्हें अभ्यास करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। युवा अमित, सोनू, अंकित, कपिल, अकुंश और मन्नु ने बताया कि गांव में खेल गतिविधियों के लिए मैदान नहीं है। ऐसे में खिलाडिय़ों को या तो दूर-दराज के क्षेत्रों में जाकर अभ्यास करना पड़ता है या फिर उचित सुविधाओं के अभाव में खेलों से दूरी बनानी पड़ती है। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत केवल उन्हें उचित मंच और सुविधाएं उपलब्ध करवाने की है। खेलों के माध्यम से युवा समाज में बढ़ रही नशाखोरी जैसी बुराइयों से भी दूर रहते हैं।



उचाना। एसडीएम को ज्ञापन देते हुए तारखा गांव के युवा। फोटोः हरिभूमि

#### एसडीएम ने दिया आश्वासन

उन्होंने प्रशासन से मांग की कि गांव में जल्द से जल्द खेल मैदान के लिए भूमि उपलब्ध करवाई जाएं ताकि युवाओं को अभ्यास के लिए वातावरण मिल सके। एसडीएम ने युवाओं की मांग को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि उनकी मांग को संबंधित विभाग के समक्ष रखा जाएगा और नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी। युवाओं ने उम्मीद जताई कि प्रशासन उनकी मांग पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए गांव में खेल मैदान की व्यवस्था सुनिश्चित करेगा।

---



## एसडीएम ने किया बूथों का निरीक्षण

**कैथल।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत एसडीएम संजय कुमार ने विधानसभा क्षेत्र कैथल के गांव कठवाड़, खानोदा, क्योड़क तथा शहर क्षेत्र के छह मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम संजय कुमार ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन संबंधी कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि पुनरीक्षण कार्य पूरी पारदर्शिता एवं निर्धारित समयावधि में पूरा किया जाए ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान घर-घर जाकर पात्र मतदाताओं का सत्यापन सुनिश्चित करें तथा नए मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए विशेष प्रयास करें। इसके साथ ही मृत, स्थानांतरित एवं अपात्र मतदाताओं का विवरण भी सही ढंग से अद्यतन किया जाए। एसडीएम संजय कुमार ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की शुद्धता बनाए रखने के लिए मतदाता सूची का शत-प्रतिशत सही होना जरूरी है।

## स्वर्ण पदक जीत गांव पहुंचने पर स्वागत

- आयुष और समीर ने बांग्लादेश में हैंडबॉल चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ उचाना

ईरा इंटरनेशनल स्कूल डूमरखा के होनहार खिलाड़ी आयुष और समीर ने बांग्लादेश में आयोजित अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर देश, प्रदेश, क्षेत्र और अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। दोनों खिलाडिय़ों की इस उपलब्धि पर गांव में खुशी का माहौल है और उनके सम्मान में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। बांग्लादेश की राजधानी ढाका में आयोजित आईएचएफ यूथ ट्रॉफी हैंडबॉल एशिया जोन-द्वितीय प्रतियोगिता में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए आयुष और समीर ने स्वर्ण पदक हासिल किया। खिलाडिय़ों की इस ऐतिहासिक सफलता पर डूमरखा कला और डूमरखा खुर्द की ग्राम पंचायतों ने संयुक्त रूप से सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया। समारोह के दौरान डूमरखा कला के सरपंच गोल्डी ने दोनों खिलाडिय़ों को रेंजर साइकिल और ट्रॉफी भेंट की, जबकि डूमरखा खुर्द के सरपंच ने नकद पुरस्कार और ट्रॉफी देकर उनका उत्साहवर्धन किया। खिलाडिय़ों के सम्मान में गांव में खुली जीप में बैठाकर लगभग आधा किलोमीटर लंबा भव्य जुलूस निकाला गया। जगह-जगह ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया।



उचाना। बांग्लादेश में हैंडबॉल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ी।

## एसडी महिला महाविद्यालय नरवाना की सांग टीम को मिला संस्कृति रत्न अवार्ड



**नरवाना।** दादा लखमीचंद आश्रम, उमरावत (भिवानी) में आयोजित पांच दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव में एसडी महिला महाविद्यालय नरवाना की सांग टीम ने अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर टीम को पहली बार संस्कृति रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया, जिससे महाविद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। यह सांस्कृतिक उत्सव हमारी संस्कृति, हमारा स्वाभिमान संगठन द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें हरियाणा की लोक संस्कृति और साहित्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि हरियाणा के लगभग 16 प्रसिद्ध कवियों की प्रतिमाओं की स्थापना रही। उत्सव में एसडी महिला महाविद्यालय नरवाना की छात्राओं की सांग टीम ने दादा लखमीचंद द्वारा रचित प्रसिद्ध सांग राजा हरिश्चंद्र की प्रभावशाली प्रस्तुति दी।

---

### टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग लगातार चला रहा स्क्रीनिंग अभियान

# एप पर मिलेगी टीबी से जंग की जानकारी

- टीबी मुक्त भारत एप लांच, समीक्षा बैठक में सीएमओ ने दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

देश तथा प्रदेश से टीबी को जड़ से समाप्त करने को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार स्क्रीनिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान को और ज्यादा गति देने के लिए राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी मुक्त भारत एप लॉच किया गया है। यह टीबी मरीजों तक मदद और जानकारियां आसानी से पहुंचाएगा। इसका उद्देश्य निक्षय मित्रों, मरीजों, स्वयंसेवकों और आम नागरिकों को एक डिजिटल मंच पर जोडऩा है। वीरवार को टीबी स्क्रीनिंग व टीबी रोगियों को लेकर विस्तार बैठक का आयोजन नागरिक अस्पताल में किया गया। जिसमें टीबी को लेकर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की गई।

लगातार दो सप्ताह से अधिक खांसी, बलगम में खून आना, वजन कम होना, भूख न लगना, शाम के समय बुखार, रात में पसीना आना और कमजोरी महसूस होना टीबी के प्रमुख लक्षण हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच करवानी चाहिए। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. पालेराम कटारिया ने बताया कि टीबी मुक्त भारत एप जागरूकता बढ़ाने और हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय के लिए विकसित किया गया है। विभाग के पास लगभग 1100 मरीज उपचाराधीन हैं। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में लगातार स्क्रीनिंग की जा रही है। अब तक जिले में 55 से अधिक विशेष स्वास्थ्य कैंप लगाए जा चुके हैं। जिनमें 70 हजार से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग कर संभावित मरीजों की पहचान की गई है।



जींद। बैठक की अध्यक्षता करतीं सीएमओ डॉ. सुमन कोहली। फोटोः हरिभूमि

#### टीबी मुक्त भारत एप की प्रमुख विशेषताएं

डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम कटारिया ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि टीबी मुक्त भारत एप एप में संवादात्मक चैटबॉट खुशी आपकी ई संगिनी उपलब्ध है। यह उपयोगकर्ताओं को टीबी संबंधी जानकारी, परामर्श और आवश्यक सेवाओं तक पहुंच बनाने में मदद करता है। निक्षय मित्र एप पर पंजीकरण कर मरीजों को सहायता देने का संकल्प ले सकते हैं। एप स्वयंसेवकों और स्वास्थ्य टीमों के लिए भी उपयोगी है, जिससे इलाज की डिजिटल निगरानी संभव होगी। यह एप एंड्रॉयड फोन में इंस्टॉल किया जा सकता है। एस से टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ा़ने सही जानकारी प्राप्त करने और समय पर उपचार से जुडने का एक सशक्त माध्यम है। इस एप से टीबी से जुड़ी जानकारी मिलेगी के साथ ही जांच एवं उपचार संबंधी मार्गदर्शन मिलेगा।



## नई अनाज मंडी में 21 जून को मनाया जाएगा 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**जींद।** डीसी वैशाली शर्मा ने बताया कि 21 जून को सुबह छह बजे जिला स्तरीय 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस रोहतक रोड स्थित नई अनाज मंडी में भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। प्रतिभागियों को योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करने के लिए 19 जून को पायलट रिहर्सल नई अनाज मंडी जींद में आयोजित की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेकर योग को अपने दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि जिला स्तरीय 12 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को सुबह छह बजे रोहतक रोड स्थित नई अनाज मंडी में भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा।

### माकपा कार्यकर्ताओं ने शहर में किया प्रदर्शन

**जींद।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, निजीकरण और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया और एसडीएम जुलाना के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा के को संबोधित ज्ञापन भेजा। प्रदर्शन से पहले कार्यकर्ताओं ने रोष बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए माकपा सचिव रमेश चंद्र ने कहा कि देश में बेलगाम महंगाई का मुख्य कारण केंद्र सरकार की अमेरिका परस्त आर्थिक और विदेश नीतियां हैं। मोदी सरकार अमेरिकी साम्राज्यवाद के सामने नतमस्तक हो देश की अर्थव्यवस्था को बड़े पूंजीपतियों के हितों के अनुसार चला रही है। पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में लगातार वृद्धि का असर खाद्यान्न, फल व सब्जियों और अन्य आवश्यक वस्तुओं पर पड़ रहा है।